विपुल गोयल ने खिलाड़ियों कों मैडल और ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

फरीदाबाद, 24 जुलाई, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। सेक्टर 78 मे वर्ल्ड स्ट्रीट के पास फरवेंट क्रिकेट ग्राउंड पर टी-20 क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमे फरीदाबाद इकाई, द इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आइसीएसआई) बनाम द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट

अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएमएआई) के मध्य एक क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें आइसीएमएआई ने टॉस जीतकर पहले गेन्दबाजी का निर्णय लिया गया और आइसीएसआई ने पहले खेलते हुए 20 ओवर मे सभी विकेट खोकर 116 रन बनाये ' जिसके बाद बल्लेबाजी करते हुए आइसीएमएआई की टीम ने 5 विकेट खोकर से यह मैच जीत लिया। फरीदाबाद में खेले गए इस टूनामेंट मे मैन ऑफ द मेच का श्रेय शमीम खान को दिया गया जिन्होंने मैच मे बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी टीम को मैच जिताने मे अहम योगदान दिया। उपरोक्त मैच में हरियाणा के लोकप्रिय नेता एवं पूर्व कैबिनेट मन्त्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों कों सम्मानित करने पहुंचे और खिलाड़ियों कों मैडल और ट्रॉफी देकर उनके भविष्य के लिए शुभकामनाए दी। इस मैच में आइसीएसआई की तरफ से कपिल डुडेजा कप्तान और आइसीएमएआई की तरफ से संकल्प वधवा बतौर कप्तान रहे।